विक्रमशिला सेतु पर आवागमन बाधित रहने से गंगा घाटों से सुरक्षित परिचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

भागलपुर (आससे)। विक्रमशिला सेतु पर आवागमन बाधित रहने के कारण भागलपुर जिले के विभिन्न घाटों से नावों एवं बोट के माध्यम से यात्रियों का आवागमन किया जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा घाटों पर नावों के सुरक्षित परिचालन,यात्रियों की सुविधा तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश से संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों,पुलिस पदाधिकारियों, अग्निशमन कर्मियों,आपदा मित्रों एवं चिकित्सा दल को निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। नावों के परिचालन एवं यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रमुख निर्देश जारी हैं। बियाडा घाट,जान्हवी चौक तथा जिले के अन्य संबंधित घाटों पर नावों एवं बोट पर यात्रियों के चढ़ने-उतरने के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाएगी। निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को नाव पर सवार नहीं होने दिया जाएगा। ओवरलोडिंग रोकने तथा नावों के सुरक्षित परिचालन के लिए आवश्यक निगरानी एवं कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घाटों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, होमगार्ड, अग्निशमन सेवा के कर्मी, आपदा मित्र, पुलिस बल एवं अन्य संबंधित कर्मी अपने निर्धारित स्थलों पर उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। सभी घाटों पर ब्रीफिंग के माध्यम से कर्मियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया जाएगा। नावों पर यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षित बैठने, अनावश्यक रूप से रेलिंग के निकट नहीं जाने तथा नाव में अनावश्यक रूप से इधर-उधर नहीं घूमने की सलाह दी जाएगी। यात्रियों को धक्का-मुक्की, भीड़भाड़ एवं किसी भी प्रकार की असावधानी से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी प्रतिदिन नावों एवं बोट का निरीक्षण करेंगे। रेलिंग,सुरक्षा जाली,प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा संरचनाओं की स्थिति की जांच की जाएगी। किसी प्रकार की कमी या खराबी पाए जाने पर तत्काल आवश्यक मरम्मत कराई जाएगी। गंभीर सुरक्षा खामी होने पर संबंधित नाव का परिचालन तब तक बंद रहेगा, जब तक आवश्यक सुधार सुनिश्चित नहीं हो जाता। प्रत्येक नाव एवं बोट पर निर्धारित मानकों के अनुरूप पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यात्रियों को आवश्यकतानुसार लाइफ जैकेट उपलब्ध कराते हुए उनका समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सुरक्षा उपकरणों के अभाव में किसी भी नाव का परिचालन नहीं किया जाएगा।

गंभीर रूप से बीमार,अत्यधिक अस्वस्थ अथवा ऐसी स्थिति में मौजूद व्यक्तियों,जिनके लिए नाव से यात्रा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है,के परिवहन में विशेष सावधानी बरती जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सहायता एवं वैकल्पिक सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। गर्भवती महिलाओं, विशेषकर गर्भावस्था की अंतिम तिमाही में, तथा अन्य उच्च जोखिम वाले यात्रियों के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

सभी संबंधित घाटों पर प्रतिनियुक्त चिकित्सक, चिकित्सा पदाधिकारी, मेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस कर्मियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक संसाधन तैयार रखे जाएंगे। किसी भी नए नाव अथवा बोट का परिचालन आवश्यक वैधानिक अनुमति, तकनीकी जांच एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन की पुष्टि के बाद ही किया जाएगा। बिना आवश्यक अनुमति एवं सुरक्षा मानकों की पुष्टि के किसी भी नाव या बोट का परिचालन नहीं किया जाएगा। प्रत्येक घाट पर प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों की दैनिक उपस्थिति,निरीक्षण की तिथि एवं समय,पाई गई कमियों तथा उनके निराकरण का विवरण अभिलेखों में संधारित किया जाएगा। घाटों पर उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था, नावों की स्थिति, बोर्डिंग व्यवस्था, कर्मियों की उपस्थिति एवं निरीक्षण से संबंधित आवश्यक फोटोग्राफ प्राप्त कर निर्धारित आधिकारिक समूह में साझा किए जाएंगे। संबंधित अभिलेखों को सुरक्षित रखा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी कमी, तकनीकी समस्या, अव्यवस्था अथवा दुर्घटना की आशंका पाए जाने पर संबंधित नाव संचालक एवं सक्षम पदाधिकारी को तत्काल सूचित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी संबंधित घाटों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए नाव संचालकों, स्थानीय निकायों एवं संबंधित कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि यात्रियों को स्वच्छ वातावरण एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उपर्युक्त निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति, सुरक्षा मानकों के उल्लंघन अथवा दुर्घटना की आशंका से संबंधित सूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार जवाबदेही निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन,भागलपुर आम नागरिकों से अपील करता है कि वे नावों से यात्रा के दौरान निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करें, नाव की क्षमता से अधिक यात्रियों के सवार होने का विरोध करें तथा किसी भी असुरक्षित स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित पदाधिकारी को दें। जिला प्रशासन भागलपुर यात्रियों की सुरक्षा एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दम

जमुई (आससे)। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण , खेल विभाग बिहार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सोनपे मैदान पर राज्य स्तरीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले हुए। राज्य के आठ प्रमंडलों से आई बालिका खिलाड़ियों ने अंडर-14, अंडर-17 और

अंडर-19 वर्गों में पूरे उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-14 आयु वर्ग में मुंगेर ने पूर्णिया, तिरहुत ने मगध, कोसी ने भागलपुर, सारण ने मुंगेर, तिरहुत ने पूर्णिया, कोसी ने पटना, मुंगेर ने मगध, सारण ने पूर्णिया, कोसी ने दरभंगा, तिरहुत ने मुंगेर, पटना ने भागलपुर, तिरहुत ने सारण, दरभंगा ने भागलपुर, मगध ने पूर्णिया तथा सारण ने मगध को पराजित किया। वहीं, दरभंगा ने पटना को हराकर जीत दर्ज की। इस वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में तिरहुत का सामना दरभंगा से तथा कोसी का सामना सारण से होगा। वहीं अंडर-17 आयु वर्ग में सारण ने पूर्णिया, पटना ने दरभंगा, कोसी ने मगध, मुंगेर ने तिरहुत, भागलपुर ने सारण, कोसी ने पूर्णिया, पटना ने तिरहुत, सारण ने मगध, भागलपुर ने पूर्णिया, दरभंगा ने तिरहुत, सारण ने कोसी, मुंगेर ने पटना, भागलपुर ने कोसी, मुंगेर ने दरभंगा, मगध ने पूर्णिया तथा भागलपुर ने मगध को पराजित किया। इस आयु वर्ग के सेमीफाइनल में भागलपुर का मुकाबला पटना से और मुंगेर का मुकाबला सारण से होगा। अंडर-19 आयु वर्ग में दरभंगा ने पूर्णिया, भागलपुर ने मगध, सारण ने तिरहुत, मुंगेर ने कोसी, दरभंगा ने पटना, तिरहुत ने पूर्णिया, मगध ने कोसी, दरभंगा ने सारण, पटना ने पूर्णिया, भागलपुर ने कोसी, दरभंगा ने तिरहुत, मुंगेर ने मगध तथा पटना ने तिरहुत को पराजित किया। इसके अतिरिक्त मुंगेर ने भागलपुर को, सारण ने पूर्णिया को तथा पटना ने सारण को हराकर जीत हासिल की। इस वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में दरभंगा का सामना भागलपुर से तथा मुंगेर का सामना सारण से होगा। विभिन्न प्रमंडलों की टीमों के बीच कड़े मुकाबलों ने प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 25 अक्टूबर को निर्धारित है।

चोरी की बाइक के साथ ताजपुर का युवक गिरफ्तार

हवेली खड़गपुर (आससे)। हवेली खड़गपुर पुलिस ने नगर क्षेत्र के अंबेडकर चौक के समीप से चोरी की एक बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि अंबेडकर चौक के समीप एक संदिग्ध युवक चोरी की बाइक के साथ घूम रहा है और उसे बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अंबेडकर चौक पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही युवक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन मुस्तैद जवानों ने उसे मौके पर ही खदेड़कर दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान ताजपुर निवासी सुभाष कुमार सिंह के रूप में हुई है। इससे जब गाड़ी के कागजात की मांग की गई तो वह कोई भी वैध कागजात नहीं दे सका। पूछताछ करने पर उसने बाइक के चोरी के होने की बात स्वीकार की। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया चोरी की बाइक के साथ ताजपुर निवासी सुभाष कुमार सिंह को अंबेडकर चौक से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

बाइक दुर्घटना में दो युवक जख्मी

हवेली खड़गपुर (आससे)। शनिवार को नगर क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित एकता पार्क के समीप बाइक दुर्घटना में उसपर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के कन्हैया टोला निवासी छोटू कुमार और लालू कुमार एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहा था। तभी नगर के एकता पार्क के समीप बाइक का पहिया फिसल जाने से वह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसपर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों जख्मी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस उपाधीक्षक राम शंकर सिंह आरक्षी अधीक्षक द्वारा सम्मानित

बांका (आससे)। पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार द्वारा बाँका अंचल के पुलिस उपाधीक्षक राम शंकर सिंह (बिपुसे) को उनकी उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राम शंकर सिंह, बाँका अंचल के पुलिस निरीक्षक (पुलिस उपाधीक्षक कोटि का उच्चतर प्रभार) के रूप में कार्यरत रहे हैं। अपनी प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान उन्होंने कई पेचीदा एवं महत्वपूर्ण मामलों का सफल उद्भेदन करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराई तथा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा। इसके साथ ही, उन्होंने विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला एवं विभिन्न पर्व-त्यौहारों के अवसर पर विधि-व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत कुशलता व सक्रियता से कठिन से कठिन कार्यों को निपटाया, जिससे सभी आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न

हुए।

हाल ही में उन्हें पुलिस उपाधीक्षक (विशेष अपराध), अपराध अनुसंधान विभाग , बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित/तैनात किया गया है। इस सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई दी गई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। इस गरिमामय मौके पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (ट्रैफिक), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बाँका) तथा जिले के सभी अंचल निरीक्षक उपस्थित थे।

तनिष्क ने पेश किया अध्यंतरा कलेक्शन

भागलपुर। ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के अवसर पर अपना नया कलेक्शन अध्यंतरा पेश किया है। नए कलेक्शन के लिए बनाए गए विशेष कैम्पेन में मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। अध्यंतरा असीम ब्रह्मांड की खूबसूरती और उसके रहस्यों से प्रेरित है। इस कलेक्शन में उस ब्रह्मांड की सारी खूबसूरती को समेटकर महिला के और करीब, आभूषणों के रूप में ला दिया है।

दूर चमकते सितारों की अनूठी रोशनी से लेकर खगोलीय आकृतियों की कलात्मकता तक अध्यंतरा का हर आभूषण अपने आप में कुछ असाधारण समेटे हुए है। मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया यह कैम्पेन इस खूबसूरत सोच को एक चमचमाते और जादुई विज्युअल वर्ल्ड के जरिए पर्दे पर जीवंत करता है। चार अलग-अलग श्रेणियों ग्लास कुंदन, स्टोन जड़े हुए प्लेन आभूषण, प्लेन गोल्ड और अनकट डायमंड्स में 100 से अधिक शानदार डिजाइनों के साथ यह कलेक्शन तैयार किया गया है।

नेकलेस सेट, चूड़ियां, अंगूठियां और मंगलसूत्रों तक फैले इस कलेक्शन में 18 और 22 कैरेट सोने के आभूषण शामिल हैं, जिनका वजन 30 ग्राम से 120 ग्राम के बीच है। तनिष्क की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर सुश्री पेल्की त्शेरिंग ने कहा कि धनतेरस तनिष्क के लिए बहुत ही खास और मायने रखने वाला त्यौहार है। अध्यंतरा के जरिए हम ब्रह्मांड के उस असीम जादू और अजूबों को टटोलना चाहते हैं और इसे उस महिला के और करीब लाना चाहते हैं जो हमारे लिए सबसे बड़ी प्रेरणा है।

राजकीय पालिटेक्निक में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

अदाणी की प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए पालिटेक्निक के विद्यार्थी

हवेली खड़गपुर (आससे)। शनिवार को नगर के रमनकाबाद स्थित राजकीय पालिटेक्निक मुंगेर में

अदाणी मुंद्रा सोलर पीवी लिमिटेड की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें सौर विनिर्माण उत्पादन सहयोगी पद के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। संस्थान की प्राचार्य खुशबू रानी ने कहा कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह पहल रोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर है। चयनित अभ्यर्थियों के परिणाम जल्द घोषित किए जाएंगे। इससे तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के साथ प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाना संस्थान की प्राथमिकता है। इस दौरान प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। संस्थान प्रबंधन ने भविष्य में भी विभिन्न कंपनियों के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक और छात्र मौजूद थे।

चन्द्रशेखर सिंह नगर भवन में 31 को जिला युवा उत्सव का होगा आयोजन

कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

बांका (आससे)। जिला युवा उत्सव-2026 का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10.00 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा निर्धारित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक , लोकगीत एवं लोकनृत्य शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का ऑडिशन 30 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 09.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक चंद्रशेखर सिंह नगर भवन, में ही आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी, अंशुल अग्रवाल के निर्देशानुसार, जिला युवा उत्सव में सरकारी एवं निजी विद्यालयों सहित अन्य इच्छुक प्रतिभागियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी विद्यालयों को समय से सूचित करने तथा विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया है। लोक संगीत एवं लोक नृत्य को प्राथमिकता देने तथा चयनित प्रतिभागियों की सूची निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराने को कहा गया है। कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, बांका ने जिले के सभी इच्छुक युवा प्रतिभागियों से अपील की है कि वे जिला युवा उत्सव-2026 में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करें। चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, लोकगीत एवं लोकनृत्य में रुचि रखने वाले प्रतिभागी निर्धारित तिथि एवं समय पर चंद्रशेखर सिंह नगर भवन, बांका में आयोजित ऑडिशन में भाग लें। यह उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा राज्यस्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करेगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने के लिए चयनित कर भेजा जाएगा। प्रतिभागियों के सुरक्षित आवागमन के लिए बस की व्यवस्था तथा उनके साथ शिक्षक एवं शिक्षिका की प्रतिनियुक्ति भी सुनिश्चित की जाएगी। जिला स्तरीय युवा उत्सव2026 में प्रतिभागियों के मूल्यांकन हेतु अंक निर्धारण किया गया है। युवा उत्सव में प्रतिभागियों का मूल्यांकन निर्धारित मानदंडों के आधार पर कुल 100 अंकों में किया जाएगा। समूह लोकनृत्य- नृत्य शैली की प्रामाणिकता 20 अंक, तालमेल एवं समन्वय 20 अंक, वेशभूषा एवं प्रस्तुति 20 अंक, ऊर्जा एवं भाव-अभिव्यक्ति 20 अंक तथा दर्शकों पर प्रभाव 20 अंक। समूह लोकगीत : गायन की गुणवत्ता एवं सुरों का सामंजस्य 30 अंक, प्रामाणिकता एवं सांस्कृतिक प्रासंगिकता 25 अंक, समूह समन्वय एवं मंच प्रस्तुति 20 अंक, संगीतात्मकता एवं रचनात्मकता 15 अनुरूप चित्रण 25 अंक, रंग योजना 25 अंक, रचनात्मकता एवं मौलिकता 25 अंक, कलात्मक संयोजन की गुणवत्ता 15 अंक तथा समग्र डिजाइन 10 अंक। नुक्कड़ नाटक- विषयवस्तु एवं प्रासंगिकता 20 अंक, कथ्य एवं संदेश 20 अंक, अभिनय एवं संवाद अदायगी 20 अंक, रचनात्मकता एवं मौलिकता 20 अंक तथा दर्शकों की सहभागिता एवं समग्र प्रस्तुति 20 अंक। नाटक का विषय विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा निर्धारित है।कविता लेखन विषयवस्तु के अनुरूप लेखन 25 अंक, रचनात्मकता एवं मौलिकता 25 अंक, काव्य-रूप एवं संरचना में सुसंगति 25 अंक तथा बिंब-विधान, तथ्यों एवं भाषा की स्पष्टता 25 अंक।सभी विधाओं में अधिकतम 100 अंक निर्धारित हैं। प्रतिभागियों को संबंधित विधा के निर्धारित मानदंडों के आधार पर अंक प्रदान किए जाएंगे।

खेत में छिपाकर रखी गयी बीयर को पुलिस ने की बरामद

गिरियक (नालंदा) (संसू)। पावापुरी थाना क्षेत्र के पोखरपुर गांव में पुलिस ने खेत से बीयर की खेप बरामद की है। गुरुवार की रात गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी के दौरान सफेद बोरे में छिपाकर रखी गई किंगफिशर कंपनी की 48 केन बीयर मिली। पुलिस के पहुंचते ही बीयर रखने का आरोपित सोनू चौधरी मौके से फरार हो गया। बरामद बीयर की कुल मात्रा 24 लीटर बताई गई है। थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने पोखरपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान सोनू चौधरी के घर से करीब 200 मीटर दूर एक खेत में सफेद रंग का बोरा मिला। उसकी तलाशी लेने पर उसमें बीयर की केन रखी मिलीं। पुलिस ने सभी केन जब्त कर लीं, जबकि आरोपित भागने में सफल रहा। बीयर बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपित के घर पर भी दबिश दी, लेकिन वह वहां नहीं मिला। पुलिस ने सोनू चौधरी, पिता स्व. भोला चौधरी, के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई में थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के साथ एसआई विमल कुमार तिवारी, एएसआई अमित कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नूरसराय में सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार जख्मी

बिहारशरीफ। नूरसराय थाना क्षेत्र के मेयार पुल के पास शुक्रवार की शाम एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसपर सवार तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

जख्मियों की पहचान बिहारशरीफ के साठोपुर निवासी सूरज कुमार, मनीष कुमार और अमन कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल तीनों युवकों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

टेक्नो स्पोर्ट्स मॉल में भीषण आग

तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

भागलपुर(आससे)। कोतवाली थाना के समीप स्थित टेक्नो स्पोर्ट्स मॉल में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मॉल का मुख्य गेट खुलते ही अंदर धुआं भरा हुआ था और आग की तेज लपटें दिखाई देने लगीं इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। दमकल की छह बड़ी गाड़ियों की मदद से लगातार प्रयास किया गया जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका

जिला अग्निशमन पदाधिकारी रमन राज ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही वे अपनी पूरी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। छह बड़ी दमकल गाड़ियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है हालांकि इसकी

पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

शेखपुरा (आससे)। सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हुसैनाबाद गांव निवासी सुरेंद्र मिस्त्री के पुत्र ऋषि कुमार के रूप में की गई है।

घटना टाउन थाना क्षेत्र के कच्ची रोड मार्ग की बताई जा रही है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, ऋषि कुमार शुक्रवार की सुबह साइकिल से बाजार जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा पड़ गया, जिससे वह अपना संतुलन खो बैठा और साइकिल सहित सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर गया। समय पर सहायता नहीं मिलने के कारण पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, शेखपुरा भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जिला में बालू माफिया की खैर नहीं

बांका (आससे)। जिले में अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्राप्त सूचनाओं के आलोक में जिला खनन टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस सप्ताह चलाए गए अभियान

के दौरान राजौन में 1, बाराहाट में 2, बौंसी, फुल्लीडुमर तथा पंजवारा में 3 और धोरैया में 1 वाहन सहित कुल 9 वाहनों को जब्त किया गया। इन मामलों में कुल 18 लाख रुपये का दंड अधिरोपित किया गया है।

वहीं, शंभुगंज में अवैध खनन के मामले में 26 लाख रुपये का दंड अधिरोपित किया गया है। इस प्रकार, उक्त कार्रवाई के तहत कुल 44 लाख रुपये का दंड अधिरोपित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन से जुड़े मामलों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। समाहर्ता ने संबंधित पदाधिकारियों को अवैध बालू खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाने तथा संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

मतदान संपन्न होते ही कयासों का दौर शुरू

बिहारशरीफ। शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत वोटिंग शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान खत्म होते ही राजनीतिक गलियारों और शहर के चौक-चौराहों पर हार-जीत के कयासों का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे अधिक चर्चा और गहमागहमी पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को लेकर देखी जा रही है। इस बार पटना स्नातक क्षेत्र में मुख्य रूप से त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना जताई जा रही है।

लगातार कई बार से चुनाव जीत रहे जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार, पूर्व में दो बार किस्मत आजमा चुके राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार और जन सुराज के उम्मीदवार अनुज कुमार के बीच टक्कर है। तीनों ही राजनीतिक दलों के समर्थक अपने-अपने उम्मीदवार की जीत के मजबूत दावे कर रहे हैं। हालांकि, हार-जीत का असली फैसला और मतों का अंतर 27 तारीख को होने वाली मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

नीतीश की नीतियों पर जनता ने किया वोट: सांसद : मतदान समाप्ति के ठीक बाद नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने बड़ा बयान देते हुए एनडीए की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि नालंदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अभेद्य गढ़ है और यहां वही होगा जो नीतीश और निशांत चाहेंगे। सांसद ने कहा कि इनकी नीतियों से प्रभावित होकर नालंदा की जनता ने एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया है। उन्होंने विश्वास जताते हुए स्पष्ट किया कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नवल किशोर यादव की जीत पूरी तरह से तय है। विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए सांसद ने कहा कि विरोधी चाहे जितनी भी अफवाहें फैला लें या कोई भी चुनावी तिकड़म लगा लें, नालंदा में 'लालटेन' जलने वाला नहीं है।

जिले के विभिन्न अंचलों में जनता दरबार आयोजित

बांका (आससे)। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बाँका के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न अंचल परिसरों में जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित इस जनता दरबार में, प्रत्येक शनिवार को होने वाले भूमि विवादों के निपटारे हेतु दोनों पक्षों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान कई मामलों का आपसी सहयोग निपटारा किया गया जबकि अधिकांश मामलों के लिए आगे कि तारीख मुकर्र कि गई।